## सार-समाचार

### उत्कृष्ट खिलाडी सम्मानित

**ब्यावर** (निसं) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंधेरी देवरी में संयोजक प्रधानाचार्य भगवान सहाय जारोडिया के सानिध्य में जिला स्तरीय अंडर-17 व अंडर-19 आयु वर्ग छात्र-छात्रा साइक्लिंग ट्रेक प्रतियोगिता का रविवार को पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह रावत के मुख्यातिथ्य में समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मसूदा विधायक प्रतिनिधि समाजसेवी नरेंद्र सिंह रावत द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद् गोपाल सिंह रावत, भामाशाह एवं समाज सेवी लाडू सिंह रावत,बलवीर सिंह रावत समाज सेवी व हमीद काठात ने शिरकत की। प्रतियोगिता संयोजक भगवान सहाय जारोडिया ने उपस्थित मंचासीन अतिथियों का माला व साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया,साथ ही मंचासीन अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के लिए स्मृति चिन्ह भामाशाह एवं समाज सेवी लाडू सिंह रावत ने उपलब्ध कराएं । साइक्लिंग ट्रेक प्रतियोगिता में राउमावि अंधेरी देवरी विद्यालय का छात्र रुस्तम काठात पुत्र श्री हमीद काठात और रुस्तम काठात पुत्र श्री नबाव काठात का अंडर-17 व बलवीर सिंह रावत पुत्र श्री पप्पू सिंह रावत का अंडर-19 साइक्लिंग ट्रेक प्रतियोगिता में राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता में चयन कर्ता के रूप में रणवीर पाल, गोपाल सिंह पंवार, फोरन्ती मीणा व निर्णायक के रूप में स्थानीय विद्यालय की शारीरिक शिक्षक रश्मि गुर्जर, अरविंद कुमार,हगामी साल्वी,मंगलाराम मीना, मैना कुमारी शर्मा एवं कार्यालय कार्य के रूप में मुकेश कुमार, मानाराम, राकेश सिंह चौहान,गुंजन कुर्डिया आदि ने अपनी भूमिका निभाई। समापन समारोह पर संयोजक प्रधानाचार्य जारोडिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय था की विभाग ने हमें ज़िला स्तरीय साइक्लिंग ट्रेक प्रतियोगिता का आयोजन कराने का जिम्मा सौंपा गया जिसे गांव के गणमान्य नागरिक,समाज सेवी व भामाशाहों व स्टाफ साथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर सकुशल प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया और चयनकर्ता व निर्णायकों के साथ साथ सभी का आभार व्यक्त किया। समापन समारोह पर व्याख्याता शाइस्ता सुल्ताना, आशुतोष दाधीच, समीक्षा शर्मा, गिरधारी लाल नवाल, रामराज मीना,रेखा शर्मा, मोहम्मद इम्तियाज, मुस्कान यादव, सुशील कुमार चौधरी, आनंद कुमार एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक गिरधारी लाल नवाल द्वारा किया गया।

### स्वास्तिक नगर में राहत कार्य जारी

**अजमेर**, 7 सितम्बर (कासं)।बोराज तालाब की पाल टूटने के बाद प्रभावित हुए क्षेत्र में नगर निगम की ओर से लगतार राहत कार्य व साफ-सफाई सहित पानी की निकासी का कार्य जारी है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी पृथ्वी सिंह ने बताया कि स्वास्तिक नगर में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी मय स्वास्थ्य निरीक्षक, जमादार, लगभग 20 से 30 सफाई कर्मचारी तथा साथ ही साथ तकनीकी शाखा के कनिष्ठ अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं अधीषाशी अभियन्ता मौके पर पहुंचे तथा आमजन, कॉलोनी निवासियों को वहां से सुरक्षित निकाल कर सुरक्षित स्थानों, शिवरों में पहुंचाने का कार्य रात्री कालिन समय में ही पूर्ण किया गया। 5 सितम्बर को निगम के स्वास्थ्य अधिकारी मय स्वास्थ्य निरीक्षक, जमादार, लगभग 500 सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ तकनीकी शाखा के कनिष्ठ अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं अधीषाशी अभियन्ता मौके पर पहुंच कर राहत कार्य प्रारम्भ किया गया। जिसमें मुख्य मार्गों पर बह कर आया मलबा/ मिट्टी/पेड-पौधे हटवाने एवं नालियों को साफ करने का कार्य तीव्र गति से प्रारम्भ किया गया। जिसके तहत स्वास्तिक नगर की प्रत्येक गली एवं स्वास्तिक नगर के प्रारम्भ से अन्त तक सम्पूर्ण कॉलोनी में निगम के सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई का कार्य प्रातः 06 बजे से सांय 08 बजे तक निरन्तर किया गया। उक्त कार्य में मानव संसाधनों के साथ-साथ प्रातः 8 बजे से निगम के पांच जेसीबी मशीन, पांच डम्पर, पांच ट्रेक्टर प्रातः काल से सांय काल तक कार्य पर लगे रहे। उक्त के साथ-साथ अग्निशमन विभाग के चार वाहन समस्त घरों में आया मिट्टी / मलबा एवं गन्दिगी को पानी के माध्यम से साफ करने का कार्य करती रही। इसके साथ ही ट्राम्बे शाखा की दो जेटिंग मशीन भी उक्त मकानों के सफाई कार्य हेतु तीव्र गति से कार्य कर रही थी। उक्त बहाव के साथ विभिन्न पशुओं के बहने से प्रातः कालिन समय में अलग-अलग स्थानों पर मृत पशु पाये गये, जिन्हे उठाने का कार्य भी निगम की एक विशेष टीम द्वारा सम्पादित किया गया। रविवार को प्रातः 06 बजे से पुनः निगम के स्वास्थ्य अधिकारी मय स्वास्थ्य निरीक्षक, जमादार, लगभग 100 सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ तकनीकी शाखा के कनिष्ठ अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं अधीषाशी अभियन्ता मौके पर पहुंचें एवं राहत कार्य प्रारम्भ किया गया। जिसमें मकानों के आस-पास स्थित प्लॉटों में भरे पानी की निकासी सुनिश्चित की गई। उक्त के साथ-साथ अग्निशमन विभाग के दो वाहन, दो जेटिंग मशीन, दो जेसीबी मशीन, चार डम्पर, चार ट्रेक्टर प्रातः काल से सांय काल तक राहत एवं बचाव कार्य पर लगे रहे।

### राजियावास प्रथम स्थान पर

**ब्यावर** (निसं) बिराटिया कला जैतारण में आयोजित 69 वीं जिला स्तरीय छात्र /छात्रा फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 मे राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजियावास की छात्राओं ने रा. उ. मा. वि. किशनपुरा व रा. उ. मा. वि. श्यामगढ़ की छात्राओं को हराकर 17 व 19 वर्षीय (दोनों में ) जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता बनकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की बालिकाओं के फाइनल मैच देखने व छात्राओं का उत्साहवर्धन के लिए विद्यालय के स्टाफ के प्रधानाचार्य महेश कुमार ,शारीरिक शिक्षक रूपकला शर्मा ,संदीप ढाका, राजवीर, विनोद सिंह रावत, अलका पीपाड़ा, नीलकमल चौहान, सुश्री आकांक्षा चौहान तथा ठााम पंचायत राजियावास से भामाशाह पूरणसिंह( धर्माभाई), पुष्पेंद्र सिंह, अरविंद सिंह ओमप्रकाश सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे। सभी ने विजेता टीमों के खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के द्वारा राजियावास की बालिकाओं को आयोजित होने वाली 69वीं राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा।

### खादिमों ने पेश की चादर

**अजमेर**, 7 सितम्बर (कासं)। हज़रत ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी का दो दिवसीय उर्स रविवार को कुल की महफ़िल के साथ सम्पन्न हुआ। युवा खादिमो ने दरगाह से चादर का जुलूस निकाल कर ऋषि घाटी बायपास स्थित चिल्ले पर पेश की। चिल्ले के खिदमत गुजार अफाक कुतबी ने बताया कि शनिवार को दरगाह दीवान की सादारत में महफ़िल आयोजित हुई रविवार दोपहर कुल की रस्म अदा की गई। हर साल की तरह इस साल भी ख़्वाजा साहब दरगाह से बड़ी धूम धाम के साथ चिल्ला बाबा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी र.अ पे चादर पेश की गयी बाद नमाज़ ए असर लंगर का एहतेमाम किया गया, जुलूस की सदारत सैय्यद खालिद हाशमी ने की इस मौके पर सैय्यद नायाब हाश्मी, इमरान चिश्ती, काजी मुनव्वर अली, सैय्यद नोमान मोईनी, एडवोकेट मंजूर अली, हाजी फय्याज उल्ला, नवाब हिदायत उल्ला, गुलजार चिश्ती, मोहम्मद इकबाल, उस्मान घड़ियाली, बिलाल खान, कय्यूम खान, मौलाना मकबूल शामिल रहें।

### कार्यकारिणी घोषित

**अजमेर**, 7 सितम्बर (कासं)। गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति (भारत) की अजमेर इकाई की बैठक वैशालीनगर स्थित लायंस भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशोर तिवाड़ी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी राजेंद्र गांधी ने बताया कि संगठन का उदेश्य भ्रूण हत्या रोकने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को आगे बढ़ाने, युवाओ में सदाचार, जीवन मूल्यों का संवर्धन, संस्कार आदि के लाइट जागरूक करना है। उक्त समिति रामसुखदासजी महाराज की प्रेरणा से स्थापित की गई । इस अवसर पर समिति की कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामसुंदर मंत्री ने अजमेर इकाई की नई कार्यकारिणीं को शपथ दिलाई

### नाटकों ने दर्शकों का मन मोहा

**उदयपुर**, (कासं)। गुजरात संगीत नाटक अकादमी द्वारा नाटक के विकास हेतु गुजरात के रंगकर्मियों को आर्थिक सहायता योजना के अन्तर्गत गुजरात के कलाकारों ने तीन नाटकों का मंचन भारतीय लोक कला मण्डल के गोविन्द कठपुतली प्रेक्षालय में किया। जिसमें सबसे पहले दोपहर ०1 बजे नाटक "समी सांजे सुरज उग्यों", दोपहर 2:30 बजे नाटक "मने मगृजल मीठा लागे" एवं सांय ०4 बजे नाटक "चिन्टु अने पिन्टु" का भावपूर्ण मंचन हुआ। नाटक समी सांजे सुरज उग्यो एक सामाजिक नाटक है जिसकी कथा आज के जमाने की पारिवारिक समस्याओं पर आधारित है। आज के युग में जहाँ भाई-भाई का नहीं है। वही नाटक में यह बताने का प्रयास किया गया है कि आज के इस युग मे दो भाईयों के बीच मे कैसा प्रेम होना चाहिये ।

# पूर्व डिप्टी सीएम पायलट के जन्मदिन पर ख्वाजा साहब की दरगाह में चादर पेश



**राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग ने सूफी संत हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के जन्मदिन के मौके पर विशेष चादर पेश की।**

■ **पायलट की लंबी उम्र, अच्छी सेहत और राजनीतिक व व्यक्तिगत जीवन में सफलता की दुआ मांगी**

**अजमेर** । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग ने शनिवार को सूफी संत हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में पूर्व डिप्टी सीएम व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट के जन्मदिन के मौके पर विशेष चादर पेश की।

यह आयोजन ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के पवित्र आस्ताने पर आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पायलट की लंबी उम्र, अच्छी सेहत और राजनीतिक व व्यक्तिगत जीवन में सफलता की दुआ मांगी गई।

कार्यक्रम का नेतृत्व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव एस. एम. अकबर ने किया। उनके साथ अल्पसंख्यक विभाग के कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें अब्दुल नाफे चिश्ती, साजिद चिश्ती, फायक चिश्ती, दिलशाद अंसारी, इंजीनियर मोहम्मद मुशर्रफ, रईस खान, जुल्फिकार अहमद, हाजी अलीमुद्दीन, एजाज मो, इम्तियाज अंसारी, मोहम्मद हुसैन, कल्लू कुरैशी, मोहम्मद तौफीक और मोहम्मद अनस शामिल थे।

### 21वां नाट्य समारोह का आगाज़ आज

**अजमेर** । आप-हम एवं सपना संस्था के संयुक्त तत्वावधान में अजमेर का पहला और सबसे बड़ा बच्चों का 21वाँ एबीइएन फेस्टिवल (21वाँ अजयमेरू बाल एकांकी नाट्य समारोह) का आगाज़ 8 सितम्बर को सूचना केन्द्र के सभागार में प्रातः 9 बजे होने जा रहा है। समारोह में विशेष रूप से फिल्म व रंगमंच कलाकार नीरज कड़ेला व कहानीवाला रजत के नाम से प्रसिद्ध आर.जे. रजत मेंघनानी समारोह में उपस्थित रहेगें। संस्था अध्यक्ष विष्णु अवतार भार्गव ने बताया कि समारोह का आयोजन बाल साहित्यकार स्व. मनोहर वर्मा व राज. सं. ना. अकादमी के पूर्व अध्यक्ष स्व. मंगल सक्सेना की प्रेरणा से समारोह प्रारंभ हुआ जो अनवरत् रूप प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है, इस समरोह में मंचित होने वाले नाटकों में से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, अभिनेत्री, निर्देशक, मंच सज्जा आदि के अवार्ड बच्चों व अध्यापकों को दिये जायेगें व सर्वश्रेष्ठ नाटक को स्वर्गीय कमला देवी भारद्वाज व स्वर्गीय जी आर भारद्वाज चल वैजयन्ती प्रदान की जायेगी। सप्तक संस्था की ओर से नाट्य विद्या के लिए समर्पित नरेन्द्र भारद्वाज को भरतमुनि सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। महिका भार्गव ने बताया कि विगत दिनों संस्था द्वारा आयोजित शब्द से मंच राज्य स्तरीय नाट्य लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसमें अजमेर, जयपुर, बीकानेर आदि शहरों से प्राप्त नाट्य स्क्रिप्टों मे से प्रथम सारा नाटक गुड़ गोबर (बीकानेर) द्वितीय वो कुछ अलग था (अजमेर), तृतीय वो एक दिन रहा।

### सामूहिक क्षमायाचना पर्व मनाया

**अजमेर** । क्षमायाचना जैनियों का आभुषण है। क्षमा मांगने वाला क्षमा देने वाले से भी ज्यादा महान होता है। एक दूसरे से जाने-अनजाने में हुई भूल, अपराध, गलती के लिये क्षमा मांगना व्यक्ति का कर्तव्य है। जैन समाज के अलावा अन्य किसी समाज में ऐसी परिपाठी नहीं है। दो टूटे हुये दिलों को जोडने की अमर औषधि क्षमा ही है। क्षमा वीरों का आभूषण है। क्षमा देने व लेने से कषायों की शान्ति होती है। मोक्ष मार्ग पर अठासर होने के लिये क्षमायाचना एक साधन है।

उक्त विचार शतावधानी संगठन प्रेरिका साध्वी मनोहर श्रीजी महासभा ने रविवार को श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छाचार्य श्री जिनदत्तसूरि दादाबाड़ी में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किये।

रिखब सुराणा ने बताया की मुनिप्रवर सम्यकरत्न सागर जी म.सा. ठाणा-6 एवं मनोहर श्रीजी म.सा. ठाणा-6 के सानिध्य में खरतरगच्छ संघ के अध्यक्ष विक्रम पारख, सुशील वेद, नरेन्द्र लालन, अनील गोलेच्छा, सतीश बुरड़, जबरमल बच्छावत ने मन, वचन और काया के अन्तःकरण से समस्त साधु साध्वी मंडल और खरतरगच्छ संघ के सभी परिवारों से सामुहिक रूप से क्षमायाचना की।

## किशनगढ़ में तपस्वियों को पारणा कराया

**मदनगंज-किशनगढ**,(निस)। सकल दिगम्बर जैन समाज की और से आर के कम्यूनिटी सेंटर में पारणा महोत्सव मनायागया। दसलक्षण पर्व के दौरान उपवास करने वालों को पारणा कराया। उपमंत्री राजेश पांडया ने बताया कि उपवास करने वाले सिटी रोड स्थित जैन भवन से बग्गी में सवार होकर बैंड बाजे व ढोल धमाको के साथ जयकारों के बिच आदिनाथ मंदिर, चंदाप्रभु मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ मंदिर, पुरानी मिल होते हुए आर के कम्युनिटी सेंटर पहुंचे। मुख्य मार्गो पर जगह जगह लोगों ने तपस्वियों का स्वागत अभिनंदन किया। संचालन राजेंद्र चौधरी ने किया। आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल व मंत्री विनोद चौधरी सहित मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन पंचायत उपाध्यक्ष दिलीप कासलीवाल, मंत्री सुभाष बड़जात्या व सकल दिगंबर जैन समाज ने तपस्वियो को पारणा कराया। चंदाप्रभु महिला मंडल द्वारा सामूहिक पारणा व्यवस्था में सहयोग किया। ।

तपस्वियों के परिवारजनो द्वारा सकल दिगंबर जैन समाज का वात्सल्य भोज सूरज देवी पाटनी सभागार में आयोजित किया। समाजसेवी कैलाश पाटनी, पदम बड़जात्या, अनिल पाटनी फुलेरा, पवन लुहाड़िया, प्रवीण सोनी, सुरेश काला, राजू लुहाड़िया, पवन पाटनी आदि ने भोजन व्यवस्था में विशेष सहयोग किया। प्रचार मंत्री गौरव पाटनी ने बताया कि दसलक्षण पर्व के दौरान मुस्कान गंगवाल पुत्री मुकेश गंगवाल, रेणु पापड़ीवाल पत्नी मनजीत पापडीवाल, माही पुत्री मनोज झांझरी, श्रुति बोहरा पत्नी मोहित बोहरा, ममता छाबड़ा पत्नी हेमन्त छाबड़ा, दीपक बैद पुत्र स्व प्रकाशचन्द बैद, निधी बैद पत्नी दीपक बैद, रिंकी गोधा पत्न राजेन्द्र बैद, पलक सेठी पत्नी अमित सेठी, अंतिमा झांझरी पत्नी संजय झांझरी, अंजू अजमेरा पत्नी योगेश अजमेरा, हिना बाकलीवाल पत्नी आशु बाकलीवाल, पुनीत बज पुत्र पंकज बज, मुकेश काला पुत्र स्व. बालजी काला ने दस उपहास किये।

साथ ही पुष्पा सेठी पत्नी कमल सेठी, आकांक्षा रांवका, पत्नी दीपक रांवका, राकेश पहाड़िया पुत्र स्व. पारसमल पहाड़िया, पुष्पा पहाड़िया पत्नी राकेश पहाड़िया, नरेन्द्र लुहाड़िया पुत्र बसन्तीलाल लुहाड़िया, रतन दगड़ा पुत्र स्व. भागचन्द दगड़ा, शकुन्तला छाबड़ा पत्नी स्व. इन्दरचन्द छाबड़ा, रमेश छाबड़ा पुत्र स्व. इन्दरचन्द छाबडा, अनिला छाबड़ा पत्नी रमेश छाबड़ा ने 16 उपहास किये।

### हर वार्ड का होगा विकास : देवनानी

**अजमेर** । विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में 130.75 लाख रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने वार्ड 5 में लगभग 99.75 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इन कार्यों में ज्योति नगर में सामुदायिक भवन एवं सीसी सड़क का निर्माण, मोची मोहल्ला, प्रकाश नगर, शिव शक्ति कॉलोनी तथा वरुण सागर रोड़ स्थित प्रेम नगर में सीसी सड़कों के निर्माण कार्य शामिल हैं। देवनानी ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से वार्ड 5 के निवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी और सामुदायिक भवन के निर्माण से स्थानीय नागरिकों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सुदृढ़ एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि सड़क और भवन जैसी आधारभूत संरचनाएं आमजन के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं ।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक वार्ड और बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो तथा विकास की गंगा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। इसी क्रम में श्री देवनानी ने उत्तर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 67 में रामभवन के सामने से शिव मंदिर रेम्बल रोड़ तक लगभग 31 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया।

# जिला कलक्टर ने अधिकारियों के साथ किया शहर का दौरा

■ **जल भराव प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की की समीक्षा**

**अजमेर**, 7 सितम्बर (कासं)। जिला कलक्टर लोकबंधु ने रविवार को अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर पिछले दिनों से जारी वर्षा के चलते हुए जल भराव एवं निकासी की व्यवस्थाओं का मौके पर जाकर जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, अजमेर विकास प्राधिकरण आयुक्त नित्या के, नगर निगम आयुक्त देशलदान सहित अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलक्टर लोक बंधु ने सतर्कता बरतते हुए शनिवार देर रात्रि भी अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का अवलोकन किया था। इसी क्रम में रविवार को विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति जानी, उन्होंने आनासागर के अतिरिक्त जल की निकासी के लिए एस्केप चैनल से जल निकासी का अवलोकन किया।

इसके पश्चात बोराज तालाब की पाल टूटने से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर राहत कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही बांडी नदी के जल स्तर का अवलोकन भी किया।

उन्होंने बोराज तालाब की पाल टूटने से हुए जल भराव की स्थिति का अवलोकन कर राहत एवं जल निकासी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रिसाव के तुरंत बाद राहत एवं बचाव कार्य प्रारम्भ कर दिए गए थे। इसमें 200 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी राउंड द क्लॉक नियुक्त किए गए। प्रभावित परिवारों को प्रतिदिन 3 हजार से अधिक फूड पैकेट, चाय, दूध, पानी एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जल भराव के दौरान प्रभावितों के लिए आश्रय स्थल बनाए गए थे तथा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित भी किया गया था। अब जल स्तर घटने से अधिकांश लोग अपने घरों में रहने लगे हैं और प्रशासन उनकी मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रख रहा है। उन्होंने बोराज तालाब की पाल में रिसाव प्रभावित स्वस्तिक नगर सहित अन्य क्षेत्र का भी निरीक्षण किया तथा बांडी नदी के जलस्तर का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों का सर्वे करवा लिया गया है।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। नगर निगम के अधिकारियों को स्वस्तिक नगर क्षेत्र में नालियों की सफाई एवं कनेक्टिविटी दुरुस्त करने, मलबे की निकासी, सड़कों को समतल एवं क्षतिग्रस्त होने पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों में एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीम सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर गजेंद्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड़, उपखंड अधिकारी गरिमा नरूला, रजत यादव, देवीलाल यादव सहित अन्य अधिकारी, कार्मिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### रिप्रोविज़न 2025' का सफल समापन

**अजमेर** । सरोवर पोर्टिको, अजमेर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय स्त्री रोग सम्मेलन 'रिप्रोविज़न 2025' का रविवार को भव्य समापन हुआ। आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. रमा गर्ग ने बताया कि इस सम्मेलन में देशभर से आए वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञों और युवा डॉक्टरों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे और प्रतिभागियों ने भरपूर ज्ञान अर्जित किया। डॉ. गर्ग ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल नवीनतम तकनीक और चिकित्सा विज्ञान के अपडेट्स साझा करना था, बल्कि समाज और रोगियों की भलाई के लिए चिकित्सकों को और अधिक सशक्त बनाना भी था।

## सचिन पायलट के जन्मदिवस पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी सांवलिया सेठ पहुंचे

**अजमेर** (कासं)।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का जन्म दिवस चित्तौड़गढ़ के प्रसिद्ध सांवलिया सेठ मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। पायलट ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और उसके बाद कार्यकर्ताओं व समर्थकों से मुलाकात की। सांवलिया सेठ में आयोजित जन्म दिवस समारोह में भाग लेने और पायलट को शुभकामनाएं देने के लिए अजमेर के कांठोस जन शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में सांवलिया सेठ पहुंचे, जहा सभी कांठोस जनो ने शहर कांठोस अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में सचिन पायलट साहब का 51 किलो की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कांग्रेसजन ने सचिन पायलट के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उत्कृष्ट सार्वजनिक जीवन की कामना की, उसके पश्चात शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने कहा कि आज का दिन हम सभी कांठोसजनों के लिए बड़े ही सौभाग्य का दिन है, क्योंकि हम लोग पार्टी के ऐसे युवा नेतृत्व के साथ काम कर रहे है जो हमेशा पार्टी कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान तथा प्रदेश की गरीब जनता की लड़ाई दो गुना उत्साह से लड़ने में सक्षम है। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट का जन्मदिवस रविवार को सांवरिया सेठ चित्तौडगढ़ में धूमधाम से बनाया गया। कार्यक्रम अनुसार सचिन पायलट ने प्रभु श्री सांवरिया सेठ के दर्शन किए एवं देश प्रदेश के अमन चैन खुशहाली की कामना की, उसके बाद लाखों की संख्या में पूरे प्रदेश भर से आए समर्थकों एवं आजमाना के साथ धूमधाम से जन्मदिवस मनाया । इस अवसर पर महेंद्र सिंह रलावता और समर्थकों ने पायलट का साफा एवं दुपट्टा पहना कर स्वागत किया एवं जन्मदिन की शुभकामना प्रेषित की।

## सार-समाचार

### परकोटा क्षेत्र में नगर निगम कर रहा है मनमानी

**अजमेर**, 7 सितम्बर (कासं)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मुस्लिम एकता मंच के प्रतिनिधियो ने बताया कि नगर निगम द्वारा परकोटा क्षेत्र में कराए गए होटल गेस्ट हाउस के सर्वे मनमानी तरीक़े से कराया है। साथ ही दरगाह कमेटी के द्वारा धार्मिक और ऐतिहासिक ख्वाजा साहब की दरगाह की देख रेख में उदासीन है जिस के चलते दरगाह की कई इमारतें जर्जर अवस्था में आ गई है । गहलोत को बताया कि शनिवार को दरगाह के वारसी दालान में जर्जर हिस्सा से प्लास्टर गिरने से महिला जायरीन घायल हो गई लंबे समय से दरगाह नाजिम को दरगाह की मरम्मत कराने के लिए कहा जा रहा है। गहलोत को बताया गया कि डिग्गी बाजार में होटल नाज़ में अग्निकांड हो गया था, जिसमे चार जायरीन की मौत हो गई थी उसके बाद विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर नगर निगम ने परकोटा क्षेत्र में सर्वे कराया था। सर्वे सूची में जिन भवनों को शामिल किया गया है, उनमें ज्यादातर आवासीय है और वर्षों से परिवार उनमें निवास कर रहे हैं, लेकिन निगम द्वारा सभी को व्यवसायिक बता कर इन्हें भी सूची में शामिल कर लिया गया है। गहलोत ने कहा कि धार्मिक स्थलों में आने वाले लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सरकार की है, उन्होंने आश्वासन दिया कि वह सरकार तक बात पहुंचाने का प्रयास करेंगे़। मुस्लिम एकता मंच के प्रतिनिधियो में काजी मुनव्वर अली, सैय्यद गुलजार चिश्ती, सैय्यद मसूद मोइनी, अब्दुल नईम खान, अंजुमन यादगार के संयुक्त सचिव शेखजादा इमरान चिश्ती, पूर्व पार्षद मुख्तार अहमद नवाब, हुमायूं खान, हाजी रईस कुरैशी, अकबर हुसैन, अहसान मिर्ज़ा, मोहम्मद इकबाल, रिजवान, नफीस खान, इफ्तेखार सिद्दीकी, आरिफ़ हुसैन, हाफ़िज़ खान, अल्ताफ, अज़ीज़ मुल्तानी, सैय्यद सलीम बना, बिलाल खान, कय्यूम खान आदि मौजूद रहे।

### गबन का आरोपी गिरप्तार

**मदनगंज-किशनगढ़**,(निस)। मदनगंज थाना पुलिस ने अजमेर सेन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक में करीब साढ़े तीन करोड़ रूपये का गबन कर फरारी काट रहे तत्कालीन शाखा प्रबंधक को गिरप्तार किया है। पुलिस की गिरप्त में आया आरोपी 905 ए गौतम नगर माता मार्ग श्यामनगर जयपुर निवासी रिषभ शर्मा (30) पुत्र राजकुमार शर्मा है। पुलिस के अनुसार अजमेर सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक शाखा किशनगढ़ में कार्यरत मैनेजर रिषभ शर्मा ने पद का दुरुपयोग करते हुए निजी खातों से राशि ट्रांसफर कर ली। हेड ऑफिस में शाखा के ट्रांजेक्शन और रिकॉर्ड में संदेह होने पर जांच की गई तो 3 करोड़ 51 लाख रूपये के गबन का खुलासा हो गया। जांच के बाद रिषभ शर्मा फरार हो गया था। आरोपी रिषभ को न्यायालय में पेश किया, जहां इसे पुलिस रिमांड पर सौंप दिया।

### सामूहिक क्षमावाणी आज

**मदनगंज-किशनगढ**,(निस)। मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत की और से सोमवार को सांय 5.45 बजे आर के कम्युनिटी सेंटर में सामूहिक क्षमावाणी पर्व मनाया जायेगा। प्रचार मंत्री गौरव पाटनी ने बताया कि रूपनगढ़ रोड स्थित मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सांय 5.15 बजे पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा करने के बाद आर के कम्युनिटी सेंटर में क्षमावाणी पर्व पर मनाया जाएगा। कार्यक्रम में दसलक्षण पर्व के दौरान दस सोलह व बत्तीस उपवास करने वाले तपस्वियो का स्वागत अभिनंदन भी किया जाएगा

### बारिश से तालाब फूटने का खतरा

**भीम/राजसमंद**, (निसं)। राजसमंद जिले में दो दिन से भारी बारिश के चलते भीम में कुकरखेड़ा पंचायत के फुलसागर तालाब की पाल के टुटने का खतरा मंडराने पर पुलिस, प्रशासन शनिवार शाम को ही मौके पर पहुंच गया और चार गांव खाली करवा दिए। साथ ही सिंचाई विभाग, एसडीआरएफ व आपदा प्रबंधन से जुड़ी टीम मौके पर पहुंच गई। संभावित प्रभावित गांवों से 610 लोगों को वैकल्पिक तौर पर सरकारी स्कूलों व अन्य भवनों में शिफ्ट किया है। मिट्टी के कट्टे डालकर पाल को मजबूत कर दिया और बारिश रूकने से फिलहाल खतरा टल गया है। एतियातन प्रशासन मौके पर तैनात है और लोगों से समझाइश जारी है। भीम तहसीलदार मनोज कुमार ने बताया कि बरार, कुकरखेड़ा क्षेत्र में दो दिन की भारी बारिश के चलते ओवरफ्लो बड़ा तालाब पर तीन फीट की चादर चलने लगी और ताल का स्टेट हाइवे भी जलमग्न हो गया। साथ ही पानी की तेज होने से कुकरखेड़ा पंचायत के कालेटरा गांव में स्थित फुलसागर तालाब लबालब होकर ओवरफ्लो हो गया। साथ ही एक जगह तालाब की पाल क्षितठास्त हो गई। इसकी सूचना बाढ़ नियंत्रण कक्ष के साथ भीम थाने में दी गई। इस पर भीम थाना प्रभारी भंवरलाल कुमावत शनिवार दोपहर मय जाब्ते के घटना स्थल पर पहुंचे और तालाब फुटने का खतरा होने से कई गांवों के डूबने का खतरे को लेकर प्रशासन को अवगत कराया। इस पर राजसमंद से अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेश बुनकर, एएसपी महेंद्र पारीक, भीम तहसीलदार मनोज कुमार, नायब तहसीलदार पन्नासिंह रावत, डीएसपी पारस चैधरी, जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता मानसिंह, कुकरखेड़ा प्रशासक ख्यालीदेवी रावत, पूर्व सरपंच घीसुलाल के साथ एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंच गए।

### तेजाजी महाराज का मेला आयोजित

**भीम**, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के पीपलीनगर ग्राम पंचायत में वीर तेजाजी महाराज का भव्य और विशाल मेला आयोजित हुआ। इस मेले में देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिन्होंने धूमधाम के साथ इस आयोजन में हिस्सा लिया। मेले में सुबह 10 बजे से ही दिल्ली, गुजरात, मुंबई सहित कई अन्य राज्यों से श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए और हाथ में ध्वजा लेकर पहुंचे। इस दौरान जगह-जगह ठाामीणों द्वारा इन श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई। द्वारकाधीश होटल, दान की बावड़ी पर ठाकर साहब लक्ष्मण सिंह, राम सिंह, समाजसेवी श्रवण सिंह, मनोहर सिंह और छगन सिंह ने 25 वर्षों से लगातार आ रहे वीर तेजाजी मित्र मंडल, सूरत के अतिथियों का तिलक लगाकर, माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। वहीं, समाजसेवी राजू सिंह रावत लोछनीय ने पानी की व्यवस्था कर अतिथियों का सम्मान किया।

### चार विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर चयन

**भीम**, (निसं)। 34वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा सॉफ्टबॉल जन्माटस्टिक एवं तीरंदाजी खेलकूद प्रतियोगिता सत्र 2024 -25 में कस्बे की मॉडर्न राज पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल भीम के चार प्रतिभावान विद्यार्थियों ने तीरंदाजी में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जिले का नाम रोशन किया। मॉडर्न राज पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संस्थापक प्रवीणसिंह चौहान ने बताया कि राजसमंद जिले के कितेला में आयोजित जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा तीरंदाजी प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ी तुषार, दिव्यांशु, युवराज और युग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

### दो पक्षों में हुए विवाद पर 16 गिरफ्तार

**बांसवाड़ा**, (निसं)। भगवान गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान सदर थाना क्षेत्र के सुरपुर में एक ही समाज के दो पक्षों में हुए विवाद व झगड़े के मामले में शांति भंग करने के आरोप में 16 जनों को गिरफ्तार किया गया है। ध्यान रहे कि 6 सितम्बर को सुरपुर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर एक ही समाज के दो पक्षों में विवाद व लड़ाई झगड़ा हुआ था जिससे ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल हल्का पटवारी ने समझाईश कर विसर्जन करवाया। बाद में दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किये गये। रात्रि में लगभग 11 बजे सूचना मिली कि विवाद करने वाले दोनों पक्ष आमने-सामने होकर एक-दूसरे से गाली-गलौच कर पथराव कर रहे हैं इस पर थानाधिकारी बुद्धाराम विश्नोई मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे वहीं क्यूआरटी जाप्ता भी सुरपुर पहुंचा। गांव में काफी लोगों की भीड़ थी और एक-दूसरे से गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकियां देते हुए आमने-सामने पत्थर फेंके जा रहे थे। मौके पर एसएचओ एवं जाप्ते ने दोनों पक्षों से समझाईश कर शांति बनाये रखने के काफी प्रयास किये लेकिन दोनों पक्ष धमकियां देते हुए मरने मारने पर उतारू हो रहे थे। ऐसे में अगर पुलिस गिरफ्तारी नहीं करती तो दोनों पक्षों में से कोई भी एक पक्ष दूसरे के साथ संगीन वारदात कर सकता था। इधर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने मामले को संवेदनशीलता से लेने के निर्देश दिये।

**कार्यालय नगर निगम अजमेर**

क्रमांक :न.नि.अ/भवन/25-26/242 **आपत्ति सूचना** दिनांक :28/08/25

श्रीमती छाया देवी पत्नी श्री मोहन राव मराठा निवासी 44/3 मनोहर भवन लाखन कोटड़ी अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 121/19 गंज संस्कृत कॉलेज के सामने देहली गेट अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 120.21 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : आम रास्ता — पश्चिम : अन्य की सम्पति

उत्तर : सम्पत्ति संख्या 120/19 — दक्षिण : सम्पत्ति संख्या 122/19

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर